तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन सिटीजन अवॉर्ड्स, शानदार कम्युनिटी मेम्बर्स का जशन मनाते हैं

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (3 जून, 2021) – इस वर्ष, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कम्युनिटी में 175 से अधिक निवासियों को सम्मानित करेगी और उनका जशन मनाएगी, जिन्होंने 2019 और 2020 में शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं।

1974 में शुरू हुए, ब्रैम्पटन सिटीज़न्स अवॉर्ड्स (Brampton Citizens Awards) में, सात श्रेणियों में साथी नागरिकों द्वारा नामांकित किए गए, 3,500 से अधिक शानदार निवासियों को सम्मानित किया जा चुका है:

- स्पोर्ट्स अचीवमेंट (Sports Achievement) – यह अवॉर्ड, उस व्यक्ति या टीम को दिया जाता है, जिनकी उपलब्धियों को प्रोविंसियल, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर मान्यता मिली है;
- आर्ट्स अक्लेम (Arts Acclaim) – यह अवॉर्ड, उन व्यक्तियों को सम्मानित करता है, जिनके योगदानों ने लोकल, प्रोविंसियल, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर प्रसिद्धि हासिल करने के संदर्भ में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है;
- इंस्पिरेशनल अवॉर्ड (Inspirational Award) – यह अवॉर्ड, ब्रैम्पटन के उन निवासियों को सम्मानित करता है, जो मनुष्य के हितों के लिए किए जाने वाले (मानव हितैषी) कार्यों की हिमायत करते हैं या खुद ऐसे काम करते हैं, या जिन्होंने दूसरों पर प्रेरणा देने वाला असर डाला है;
- लॉन्ग टर्म सर्विस (Long Term Service) – यह अवॉर्ड, 10 वर्ष, 25 वर्ष, 35 वर्ष और 50 वर्ष की श्रेणियों में, उन समर्पित वालंटियर्स को सम्मानित करता है, जिनके प्रयासों ने, रेक्रिएशनल स्पोर्ट्स, कला और कम्युनिटी सोशल सर्विसिज के विकास और उन्नति पर महत्वपूर्ण असर डाला है;
- एमरजेंसी सर्विसिज अवॉर्ड ऑफ वेलर (Emergency Services Award of Valour) – यह अवॉर्ड, ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को सम्मानित करता है, जिन्होंने किसी दूसरे व्यक्ति का जीवन बचाने के लिए बहादुरी वाला काम करते हुए, वालंटियर के तौर पर अपनी ज़िंदगी/ज़िंदगियों को जोखिम में डाला;
- सिटीजन्स ऑफ द यीअर (Citizens of the Year) – यह अवॉर्ड, ब्रैम्पटन के हर उम्र के उन वालंटियर्स को सम्मानित करता है, जिन्होंने खास गतिविधि या योगदान की बजाय, संपूर्ण कम्युनिटी के लिए भागीदारी दर्शाई है। यह अवॉर्ड उन युवाओं, वयस्कों और बुज़ुर्गों को दिया जाता है, जो कम्युनिटीज बनाते हैं और यह दिखाते हैं कि जोश और दृढ़ता से क्या हासिल किया जा सकता है; और,
- केन गाइल्स ऐमचर एथलीट ऑफ द यीअर अवॉर्ड (Ken Giles Amateur Athlete of the Year Award) – यह अवॉर्ड, ब्रैम्पटन गार्डियन न्यूज़पेपर (Brampton Guardian Newspaper) के साथ साझेदारी में, उस व्यक्ति को दिया जाता है, जिसने अपनी संबंधित स्पोर्ट में गैर-पेशेवर लेवल पर महत्वपूर्ण असर डाला है या असाधारण उपलब्धि हासिल की है।

नामांकनों की समीक्षा, ब्रैम्पटन काउंसलर्स (Brampton Councillors), वालंटियर एम.बी.सी. (Volunteer MBC), ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services), ब्रैम्पटन स्पोर्ट्स अलाइंस (Brampton Sports Alliance), ब्रैम्पटन सीनियर्स काउंसिल (Brampton Seniors Council) और पील रीजनल पुलिस (Peel Regional Police) के साथ-साथ, अवॉर्ड श्रेणियों में

विषय संबंधी विशेषज्ञता वाले कम्युनिटी मेम्बर्स की सिटीजन्स अवॉर्ड्स सलेक्शन कमेटी (Citizens Awards Selection Committee) के द्वारा की गई थी।

2019 और 2020 के विजेताओं की सूची देखने के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन | सिटीजन्स अवॉर्ड्स (City of Brampton | Citizens Awards) पर जाएं। अवॉर्ड विजेताओं को सोशल मीडिया, एडवरटाइजिंग और कम्युनिटी में पोस्टर्स के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

**हवाले**

"सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को, लॉन्ग-टर्म वालंटियर सर्विस; बहादुरी के कामों; प्रेरणादायक कामों; और, ब्रैम्पटन सिटीजन्स ऑफ द यीअर के अलावा, कम्युनिटी में कई शानदार नागरिकों को सम्मानित करने और स्पोर्ट्स और आर्ट्स में उनकी सराहनीय उपलब्धियों का जशन मनाने पर गर्व है।"

- *पैट्रिक ब्राउन* (Patrick Brown), *मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हमारे निवासियों के द्वारा कोविड-19 महामारी से पहले और इसके दौरान दिए गए कई योगदानों को मान्यता देना और उनका जशन मनाना महत्वपूर्ण है। ऐसे कई लोग सचमुच खास हैं, जिन्होंने उदारतापूर्वक अपना समय दिया और आर्ट्स तथा स्पोर्ट्स में निजी उपलब्धियां हासिल की। मुझे कम्युनिटी के जोश पर बहुत गर्व है, जो यहां ब्रैम्पटन में मौजूद है।"

- *मार्टिन मेडेइरोस* (Martin Medeiros), *रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 3 और 4*, *चेयर, ब्रैम्पटन सिटीजन अवॉर्ड्स, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"कोविड-19 महामारी के कारण, पिछले वर्ष सिटी, 2019 के ब्रैम्पटन सिटीजन्स अवॉर्ड्स प्राप्त करने वालों को सम्मानित करने के लिए, व्यक्तिगत कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पाई थी। इस वर्ष, हम कई लोगों का जशन मनाएंगे, जिन्होंने 2019 और 2020 में अपने समय का योगदान दिया और निजी उपलब्धियों को समझा। हम हिस्सा लेने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद करते हैं और अवॉर्ड प्राप्त करने वाले सभी व्यक्तियों को बधाई देते हैं!"

- *डेविड बैरिक* (David Barrick), *चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca

-

The Corporation of The City of Brampton
2 Wellington Street West, Brampton, ON L6Y 4R2 311 TTY: 905.874.2130